(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा सुरक्षा प्रबन्धों पर कितनी राशि खर्च की गई ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) वर्ष 1991–92 के दौरान संसद के 82 सांसदों को दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। सुरक्षा कार्मिकों, वाहनों आदि पर 2.38 करोड़ रुपए (लगभग) खर्च किया गया।

दिल्ली के लिए विधान सभा

258. श्रीमती सुषमा स्वराज :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 13 अप्रैल, 1992 के "इंडियन एक्सप्रैस" में "दिल्ली टु हैव 69 मेम्बर असेम्बली" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने दिल्ली के लिये प्रशासनिक ढांचे संबंधी किसी प्रस्ताव पर विचार किया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस प्रस्ताव के अन्तर्गत विद्युत और जल प्रदाय तथा मल व्ययन विभागों को दिल्ली नगर निगम के कार्य-क्षेत्र से अलग करने पर विचार किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो नगर निगम को सौंपे जाने वाले कार्यों और दायित्वों का ब्यौरा क्या है और क्या यह भी सच है कि इस प्रस्तावित ढांचे के कारण प्रशासनिक व्यय में भी वृद्धि होगी और यदि हां, तो वर्तमान प्रशासनिक व्यय की तुलना में कितनी वृद्धि होने का अनुमान है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिये विधान सभा और मंत्रि परिषद् की व्यवस्था करने के लिये संविधान (69 वां संशोधन) अधिनियम 1991 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिये सरकार अधिनियम 1991 की अधिनियमित किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिये सरकार अधिनियम 1991 की धारा 3 में यह व्यवस्था है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा की कुल सदस्य संख्या 70 होगी।

(ग) और (घ) अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

पश्चिमी बंगाल के सीमावर्ती जिलों की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि

259. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री रणजीत सिंह :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बंगलादेश से निरन्तर घुसपैठ होने के कारण पश्चिमी बंगाल के सीमावर्ती जिलों, विशेष रूप से नादिया जिले की जनसंख्या वृद्धि की दर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जनसंख्या वृद्धि की राष्ट्रीय दर की तुलना में अधिक तेजी से वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नादिया जिले की समस्या को ध्यान में रखते हुए देश के इसी समस्या से ग्रस्त अन्य जिलों के संबंध में जानकारी मांगी है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" हो तो उन स्थानों के नाम क्या-क्या है जिनकी जनसंख्या में विदेशी घुसपैठ के कारण अपेक्षाकृत